# अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन

## अखिल भारतीय समिति की पाँचवी बैठक का कार्यवृत

### रविवार, 19 मार्च 2023

### महाराजा अग्रसेन भवन, किदवई नगर, कानपुर, उत्तर प्रदेश

अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन की अखिल भारतीय समिति की पाँचवी बैठक रविवार, 19 मार्च 2023 को उत्तर प्रदेश प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के आतिथ्य में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया के सभापतित्व में महाराजा अग्रसेन भवन, किदवई नगर, कानपुर, उत्तर प्रदेश में आयोजित की गई।

बैठक में निम्नलिखित अखिल भारतीय समिति के सदस्यों, विशेष आमंत्रितों एवं समाजजनों की उपस्थिति रहीः

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया | श्री संतोष सराफ | श्री संजय हरलालका | श्री सलिल विश्नोई |
| श्री आदित्य पोद्दार | श्री प्रदीप जीवराजका | श्री केदार नाथ गुप्ता | श्री रमेश कुमार केजरीवाल |
| श्री सुभाष अग्रवाल | श्री चांदमल अग्रवाल | श्री पोडेश्वर पुरोहित | श्री युगल किशोर अग्रवाल |
| श्री कमल नोपानी | श्री निर्मल कुमार झुनझुनवाला | श्री बिनोद तोदी | श्री ओम प्रकाश टिबड़ेवाल |
| श्री संतोष खेतान | श्री संजय जाजोदिया | श्री अश्वनी कुमार गोयल | श्री नवीन अग्रवाल |
| श्री जितेंद्र कुमार अग्रवाल | श्री राधेश्याम अग्रवाल | श्री प्रदीप केडिया | श्री रंजीत जालान |
| श्री श्याम सुंदर भरतिया | डॉ. सांवर धनानिया | श्री शिव कुमार लोहिया | श्री पवन बसंल |
| श्री मनोज चांदगोठिया | श्री राजेश कुमार पोद्दार | श्री संदीप सेक्सरिया | श्रीमती विनीता अग्रवाल |
| श्री अनिल कुमार अग्रवाल | श्री कुंज बिहारी अग्रवाल | श्री मधुसूदन सीकरिया | श्री चंडी प्रसाद डालमिया |
| श्री भागचंद पोद्दार | श्री ओम प्रकाश प्रणव | श्री रमेश कुमार बजाज | श्री सज्जन शर्मा |
| श्री कमलेश कुमार नाहटा | श्री विजय संकलेचा | श्री लक्ष्मीपत भुतोड़िया | श्री टिकम चंद सेठिया |
| श्री ओम प्रकाश अग्रवाल | श्री गोपाल तुलस्यान | श्री महेश जालान | श्री पंकज तुलस्यान |
| श्री संजय अग्रवाल | श्री मनोज अग्रवाल | श्री श्याम प्रकाश अग्रवाल | श्री कैलाश अग्रवाल |
| श्री आनंद मोहन अग्रवाल | श्री सुनील कुमार अग्रवाल | श्री सुशील कुमार ककरानियाँ | श्री सुरेश नोसारिया |
| श्री विष्णु कुमार शर्मा | श्री श्याम सुंदर टिबड़ेवाल | श्री महेश कुमार भगत | श्री बासु देव सराफ |
| श्रीमती प्रेमलता गर्ग | श्री श्रीमती सुधा गुप्ता | श्री मनोज कुमार अग्रवाल | श्री सज्जन बेरीवाल |
| श्री प्रदीप केडिया | श्री बिष्णु पोद्दार | श्री कैलाशपति तोदी | श्री धनपत राय पुगलिया |
| श्री राघव अग्रवाल | श्रीमती माया अग्रवाल | श्रीमती कुसुम अग्रवाल | श्री प्रवीण अग्रवाल |
| श्रीमती रीता लाडिया | श्रीमती साधना देवड़ा | श्रीमती सुषमा अग्रवाल | श्री अशोक जौहरी |
| श्री बी.के.देवड़ा | | | |

निम्नलिखित सदस्यों ने अनुपस्थिति की सूचना दीः

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री नंदलाल रूँगटा | श्री आत्माराम सोंथलिया | श्री अनिल कुमार जाजोदिया | श्री विनय सरावगी |
| श्री ओम प्रकाश खंडेलवाल | श्री राज कुमार केडिया | श्री पवन कुमार गोयनका | श्री पवन जालान |
| श्री गोपाल अग्रवाल | श्रीमती उषा बजाज | श्री गिरिराज काकरिया | श्री सुरेंद्र कुमार डालमिया |
| श्री अनिल गोयनका | श्री गोविन्द अग्रवाल | श्री हरि कृष्णा अग्रवाल | श्री राजीव कुमार अग्रवाल |
| श्री सुरेश कमानी | श्री जय किशन बजाज | | |

दीप प्रज्जवलन के साथ बैठक की शुरुआत करते हुए सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया ने कहा कि अभी हमने दीप प्रज्जवलन किया है, यह संकल्प है प्रकाश पथ पर निरंतर आगे बढ़ते रहने का। उन्होंने आगे कहा कि उत्तर प्रदेश में संगठन विस्तार की अपार संभावना है, हम सभी को मिलकर प्रयास करना होगा तभी हमें सफलता मिलेगी एवं उत्तर प्रदेश मारवाड़ी सम्मेलन संगठन को सक्रिय करने का लक्ष्य हासिल कर पाएंगे।

निवर्तमान अध्यक्ष श्री संतोष सराफ ने कहा कि समाज सुधार सम्मेलन का उद्देश्य रहा है और निरंतर चलते रहने वाली प्रक्रिया है, यह सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य था, है और रहेगा। समाज सुधार, समरसता, संस्कार संवर्धन एवं सेवा सम्मेलन की प्राथमिकता रहनी चाहिए आगे इस पर सभी ने सहमति व्यक्त की।

श्री सराफ ने आगे कहा कि वर्तमान सत्र में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया जी के नेतृत्व में राष्ट्रीय महामंत्री श्री संजय हरलालका एवं अन्य पदाधिकारियों ने सभी क्षेत्रों में

सराहनीय कार्य किया और सम्मेलन को नई उँचाई प्रदान की है। उपस्थित सभी सदस्यों ने करतल ध्वनि के साथ इसका स्वागत और अनुमोदन किया।

राष्ट्रीय महामंत्री श्री संजय हरलालका ने विगत कार्यकलापों की जानकारी सबके समक्ष रखी, साथ ही सम्मेलन पर हुए मामले की जानकारी देते हुए कानुनी पक्ष को सबके सामने रखा। उन्होंने बताया कि सम्मेलन और उसके पदाधिकारियों को माननीय कलकत्ता उच्च न्यायालय से नोटिस प्राप्त हुआ। वकील साहब से जानकारी लेने पर ज्ञात हुआ कि सम्मेलन के एक सदस्य श्री मनमोहन गाड़ोदिया ने एक मामला दायर किया है (सीएस नं. 37/2023) जिसमें सम्मेलन और उसके पदाधिकरियों पर कई तरह के निराधार आरोप लगाए गए हैं। माननीय कानुनी सलाहकार ने लिखित रुप से जानकारी दी कि माननीय न्यायालय से कोई निषेध आज्ञा नहीं है, यह बैठक की जा रही है।

कई सदस्यों ने मुकदमेबाजी पर अपना क्षोभ प्रकट करते हुए निंदा और भर्त्सना की एवं उपर्युक्त केस करने वालों पर उचित कार्रवाई करने का प्रस्ताव भी दिया। इस पर श्री गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया एवं केंद्रीय पदाधिकारियों ने यह कहकर इस विषय पर चर्चा को स्थगित कर दिया कि जब कोर्ट में केस पेंडिंग है तब इस विषय पर चर्चा करना उचित नहीं होगा। उत्तेजित सदस्यों के शांत होने के बाद सभा की पूर्व निर्धारित कार्यवाही की गई। न्यायालय में इस बारे में सम्मेलन का पक्ष रखने एवं सभी आवश्यक कार्यवाही हेतु महामंत्री को अधिकृत किया गया। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस मुकदमें का पूरा व्यय अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन वहन करेगा।

बैठक में आगामी सत्र के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के चुनाव हेतु नियुक्त सहायक चुनाव अधिकारी एडवोकेट श्री प्रदीप जीवराजका एवं सीए श्री केदार नाथ गुप्ता ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी द्वारा नियुक्त चुनाव अधिकारी एडवोकेट श्री नंदलाल सिंघानिया द्वारा कार्यकारिणी से प्रदत्त अधिकार के तहत बनाई गई चुनाव नियमावली तथा संविधान के तहत संपन्न हुए चुनाव के आधार पर सम्पन्न हुई चुनावी प्रक्रिया की रिर्पोट रखते हुए बताया कि पश्चिम बंगाल के हवड़ा निवासी श्री शिव कुमार लोहिया को आगामी सत्र के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया है। सहायक चुनाव अधिकारी ने बताया कि संविधान की धारा 15 (1) के अनुसार सम्मेलन से संबद्ध प्रांतीय अध्यक्षों से नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए नाम प्रस्तावित करने को कहा गया था। श्री शिव कुमार लोहिया को 12 प्रांतो तथा श्री विवेक गुप्त को तीन प्रांतो का समर्थन मिला, संविधान के अनुसार दोनों महानुभाव अध्यक्षीय के लिये योग्य पात्र थे। श्री शिव कुमार लोहिया ने चुनाव की उम्मीदवारी के लिये अपनी सहमति दी पर श्री विवेक गुप्त ने अपनी सहमति नहीं दी, अतः श्री लोहिया निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। श्री लोहिया के निर्वाचन की घोषणा का सभी उपस्थित सदस्यों ने करतल ध्वनि से स्वागत किया।

पूर्व विधायक व एमएलसी सलिल विश्नोई ने कहा कि कानपुर कभी 'मेनचेस्टर ऑफ ईस्ट' के नाम से जाना जाता था पर आज स्थिति बदल गई है। उद्योग, व्यापार को बढ़ाने के लिए मारवाड़ी समाज को आगे आना होगा। हमें एक बार फिर से एकजुट होकर नई उंचाईयों पर ले जाना होगा। अन्य समाज की तरह हमें भी अपने समाज–बंधुओं को आगे बढ़ाना होगा, तभी समाज और सम्मेलन आगे बढ़ेगा।

सम्मेलन के नव निर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री शिव कुमार लोहिया जी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सम्मेलन सदैव समरसता, समाज की प्रतिमा, राजनीतिक भागीदारी जैसे मुद्दों पर कार्य करता आ रहा है। इन मुद्दों पर सम्मेलन के दिशा–निर्देश स्पष्ट एवं परादर्शी हैं। उनको मानते हुए हमें आगे बढ़ना है। समरसता के विषय में यह कहना चाहूँगा कि हमें समरसता, समाज के विभिन्न घटकों में भी स्थापित करना है। जिन प्रदेशों में हम बसे हैं वहाँ समरसता के तहत अपने संस्कार और संस्कृति का पालन करते हुए स्थानीय नागरिकों से सद्भावना एवं सहयोग की भावना के साथ एकात्मता स्थापित करें। उन्होंने आगे कहा कि आपने मुझे मौका दिया इसके लिए मैं आप सबका आभारी हूँ।

श्री सांवरमल धनानिया जी ने पश्चिम बंग प्रा.मा.स. की तदर्थ समिति का उल्लेख करते हुए कहा कि वहाँ नए अध्यक्ष के चुनाव हेतु तदर्थ समिति शीघ्र बनाई जानी चाहिए। उपस्थित

सदस्यों ने इसका समर्थन किया। अध्यक्ष जी ने अपनी सहमति व्यक्त करते हुए शीघ्र तदर्थ समिति बनाने का आश्वासन दिया।

बैठक में संरक्षक सदस्यों को तीस हजार की राशि केंद्रीय कार्यालय को देकर विशिष्ट संरक्षक सदस्य बनाने की सुविधा जो 30 मार्च 2023 तक थी उसको एक महीना बढ़ाकर 30 अप्रैल 2023 तक किया गया।

बैठक में आगामी अधिवेशन हेतु चार प्रस्ताव पारित किए गए, जो निम्नलिखित हैं –

1. संविधान संशोधन 2. मायड भाषा रा प्रचार–प्रसार 3. विवाह समारोह में मद्यपान निषेध 4. प्री–वेडिंग शूट, सड़कों पर नृत्य, ड्रेस कोड का विरोध।

विस्तृत प्रस्ताव संलग्न है।

कर्नाटक के अध्यक्ष श्री सुभाष अग्रवाल ने कहा कि सम्मेलन के सदस्यों का किसी विषय पर विरोध हो तो उसे अपनी बात रखने के लिए एक Grievance Cell (ग्रिवियेंस सेल) बनाया जाना चाहिए। सर्व सम्मति से अध्यक्ष को Grievance Cell (ग्रिवियेंस सेल) बनाने के लिये अधिकृत किया गया।

श्री विनोद तोदी जी ने प्रस्ताव दिया कि अनुशासन किसी भी संस्था की प्रगति के लिए आवश्यक है, अतः एक अनुशासन समिति बनाई जानी चाहिए। सर्व सम्मति से अध्यक्ष को अनुशासन समिति बनाने के लिए अधिकृत किया गया।

बैठक में पूर्व राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्री कैलाशपति तोदी, कर्नाटक प्रादेशिक अध्यक्ष डॉ. सुभाष अग्रवाल, बिहार अध्यक्ष श्री युगल किशोर अग्रवाल, उत्तराखंड अध्यक्ष श्री संतोष खेतान तथा महामंत्री श्री संजय जाजोदिया, मध्य प्रदेश अध्यक्ष श्री विजय कुमार संकलेचा, आंध्र प्रदेश अध्यक्ष श्री चांदमल अग्रवाल तथा महामंत्री श्री पोडेश्वर पुरोहित, दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष श्री लक्ष्मीपत भूतोड़िया, बिहार प्रदेश के निवर्तमान अध्यक्ष श्री महेश जालान, पूर्व अध्यक्ष सर्वश्री कमल नोपानी, निर्मल कुमार झुनझुनवाला, विनोद तोदी, पूर्वोत्तर के पुर्व अध्यक्ष श्री मधुसूदन सीकरिया, मध्य प्रदेश के पुर्व अध्यक्ष श्री कमलेश नाहटा, उत्तराखंड के संस्थापक अध्यक्ष श्री रंजीत कुमार जालान, डॉ. संवर धनानिया, आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

बैठक के शुभारंभ में उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष श्री श्रीगोपाल तुलस्यान, महामंत्री श्री टीकम चंद सेठिया, कोषाध्यक्ष श्री आदित्य पोद्दार, संयोजक श्री ओम प्रकाश अग्रवाल, प्रचार मंत्री श्री विनीता अग्रवाल, संयुक्त महामंत्री श्री प्रदीप केडिया, श्री रामकृष्ण जिंदल, श्री कैलाश अग्रवाल, श्री अशोक धनावत, श्री राजेश अग्रवाल, श्री अनिरुद्ध पोद्दार, श्री धनपत जैन, श्री बालकृष्ण देवड़ा, श्री महेंद्र कुमार लाडिया आदि ने सभी का स्वागत किया।

अंत में धन्यवाद ज्ञापन उत्तर प्रदेश प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलनके महामंत्री श्री टीकम चंद सेठिया ने दिया।

**राष्ट्रीय अध्यक्ष** | **राष्ट्रीय महामंत्री**